दिनांक : 01/09/2026 समय :7.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार:-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बिश्केक में एससीओ शिखर सम्मेलन को करेंगे संबोधित।
- केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज शिवपुरी में विकास कार्यों और अमृत भारत रेलवे स्टेशन का लेंगे जायजा।
- प्रदेश के एक लाख 22 हजार विद्यार्थियों को आज मिलेंगे लैपटॉप के लिए 25-25 हजार रुपये।
- प्रदेश में अगले चार दिन भारी बारिश के आसार, उमरिया और बालाघाट में ऑरेंज अलर्ट।

प्रधानमंत्री - बिश्केक दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 26वें शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री श्री मोदी ने शंघाई सहयोग संगठन के अन्य नेताओं के साथ कल शाम किर्गिज़्तान की राजधानी बिश्केक में आयोजित छठे विश्व घुमन्तू खेलों के आधिकारिक उद्घाटन समारोह में भाग लिया। यह द्विवार्षिक आयोजन घुमन्तू सभ्यताओं की समृद्ध खेल परंपराओं, संस्कृति और विरासत का जश्न मनाता है और विभिन्न देशों को अपनी साझा संस्कृति के जीवंत उत्सव में एक साथ लाता है। इससे पहले, शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने रूस, ईरान, किर्गिज़ गणराज्य और आर्मेनिया के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं।

शिवपुरी दौरा-सिंधिया

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने तीन दिन के शिवपुरी दौरे पर हैं। दौरे के दूसरे दिन आज श्री सिंधिया शिवपुरी में छात्रावास, सड़कों और अमृत भारत रेलवे स्टेशन का जायजा लेंगे और कोलारस रेलवे स्टेशन पर उज्जैनी एक्सप्रेस के नए ठहराव की शुरुआत करेंगे। कल वे कलेक्ट्रेट में दिशा की बैठक में शामिल होने के साथ प्रधान डाकघर का लोकार्पण और पोस्टल प्रशिक्षण केंद्र का भूमिपूजन करेंगे। श्री सिंधिया ने कल शिवपुरी जिले के पिछोर में कई विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इन सड़कों से ग्रामीण इलाकों में आवागमन और कनेक्टिविटी बेहतर होगी। श्री सिंधिया ने बामौरकलां में करीब एक करोड़ 24 लाख रुपये की लागत से बने उप तहसील भवन का लोकार्पण भी किया।

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2026

भोपाल के संदीपनी विद्यालय महात्मा गांधी की उच्चतर माध्यमिक शिक्षिका डॉ. अर्चना शुक्ला का चयन राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2026 के लिए हुआ है। उन्होंने विज्ञान की पढ़ाई को किताबों तक सीमित न रखकर प्रकृति और समाज से जोड़ने का प्रयास किया। विद्यार्थियों के साथ मिलकर गौरैया संरक्षण, पेड़-पौधों की पहचान और बीज संरक्षण जैसे प्रोजेक्ट तैयार किए। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में शिक्षक दिवस पर पांच सितंबर को आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उन्हें सम्मानित करेंगी।

भाजपा-कार्यसमिति बैठक

ओरछा में भारतीय जनता पार्टी की दो दिन की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में संगठन को मजबूत करने और प्रदेश के विकास पर चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि पार्टी सेवा, सुशासन और सामाजिक समरसता के संकल्प के साथ आगे बढ़ेगी। बैठक में युवा, महिला, किसान, आदिवासी, रोजगार और औद्योगिक विकास जैसे मुद्दों पर मंथन हुआ। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सरकार के ढाई साल के कामकाज की जानकारी दी और 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाने की बात कही। बैठक में बुंदेलखंड के विकास और केन-बेतवा परियोजना पर भी चर्चा हुई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 साल के लोकसेवा कार्यकाल के सम्मान में 17 सितंबर से 18 अक्टूबर तक अभियान चलाने का फैसला भी लिया गया।

बलराम कृषि महोत्सव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 2 सितंबर को ग्वालियर में बलराम जयंती महोत्सव और सहकारी किसान समागम में शामिल होंगे। कार्यक्रम मेला मैदान परिसर में आयोजित किया जाएगा, जहां विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर जिला प्रशासन, पुलिस और नगर निगम ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना

प्रदेश में 12वीं में पहली बार में 75 प्रतिशत या उससे ज्यादा अंक लाने वाले करीब 1 लाख 22 हजार विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए 25-25 हजार रुपये मिलेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों के खातों में यह राशि ट्रांसफर करेंगे। प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत सरकार इस पर करीब 305 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च करेगी।

उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल-दतिया

उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कल दतिया पहुंचकर पीतांबरा शक्तिपीठ में मां पीतांबरा के दर्शन और पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की। इसके बाद उन्होंने वनखंडेश्वर महादेव का जलाभिषेक भी किया। मीडिया से बातचीत में श्री शुक्ल ने कहा कि ओरछा में विकसित भारत और विकसित मध्य प्रदेश के लिए भविष्य की रूपरेखा पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता देने की बात भी कही।

नरेला रक्षाबंधन

भोपाल में सहकारिता, खेल और युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने कल नरेला रक्षाबंधन महोत्सव का शुभारंभ किया। पहले दिन वार्ड 44, 78 और 69 में करीब 22 हजार बहनों ने उन्हें राखी बांधी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा और जेन-जी बहनों ने भी हिस्सा लिया। श्री सारंग ने कहा कि नई पीढ़ी आधुनिक सोच के साथ भारतीय संस्कृति और परंपराओं को भी आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि नरेला विधानसभा उनके लिए राजनीतिक क्षेत्र नहीं, बल्कि परिवार है। महोत्सव में बहनों के लिए मेहंदी, भोजन, उपहार और सावन के गीतों की व्यवस्था की गई। यह रक्षाबंधन महोत्सव पिछले 18 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है।

मौसम का हाल

अब बात मौसम की। मौसम विभाग के अनुसार, अगले चार दिन प्रदेश के कई जिलों में भारी और अति भारी बारिश हो सकती है। बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दाब क्षेत्र और ट्रफ के असर से चार सितंबर तक कई संभागों में तेज बारिश की संभावना है। आज उमरिया और बालाघाट में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट, जबकि 15 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

समाचार संक्षेप में:-

- खंडवा में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी, जनपद पंचायत खालवा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और सीडीपीओ का एक माह का वेतन काटने के निर्देश दिए है।
- मंदसौर में भारत सरकार की आपदा मित्र योजना के अंतर्गत जिला आपदा प्राधिकरण द्वारा सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया।
- आगरमालवा कलेक्टर डॉ. शेरसिंह मीना ने कल जिला चिकित्सालय के आकस्मिक निरीक्षण करने के बाद चिकित्सकों की बैठक में निर्देश दिये कि जिला चिकित्सालय में उपलब्ध मानव एवं अन्य संसाधनों का उपयोग कर मरीजों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ एवं सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाए।
- अशोकनगर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कल शाम सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।
- नर्मदापुरम जिले में 12 सितंबर शनिवार को आयोजित होगी। लोक अदालत जिला न्यायालय नर्मदापुरम के साथ इटारसी, पिपरिया, सोहागपुर और सिवनीमालवा के तहसील न्यायालयों में भी लगेगी।
- धार में शिक्षक दिवस पर  धार में विश्व रिकॉर्ड धारी जिला शिक्षक सम्मान समारोह समिति द्वारा 208 सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा।
- इंदौर नगर निगम के वार्ड क्रमांक 58 एवं वार्ड क्रमांक 60 में पार्षद पद के निर्वाचन की प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न होगी।
- मंडला कलेक्टर ने जिला योजना भवन में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।
- दतिया शहर के इंदरगढ़ रोड स्थित नगर पालिका के ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरे में मौजूद हानिकारक सामग्री मवेशियों के लिए नुकसान दायक साबित हो रही है।
- गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कहा कि मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान अंतर्गत आयोजित शिविरों में प्राप्त समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करने का प्रयास करें।

- सीहोर जिले के बुधनी स्थित अदालत कॉलोनी में जलभराव वाले एक खाली प्लॉट में मगरमच्छ दिखाई दिया। मगरमच्छ को पानी में तैरते देख आसपास के रहवासियों में दहशत फैल गई।
- भोपाल के रिहायशी इलाकों में संचालित व्यावसायिक गतिविधियों के खिलाफ नगर निगम की कार्रवाई कल और तेज हो गई। इनमें कुछ प्रतिष्ठानों को निगम की टीम ने सील कर दिया है।
- उज्जैन में भगवान महाकालेश्वर की पंचमी और भादो माह की पहली सवारी निकाली गई। सवारी के रामघाट पहुंचने पर आयोजित पूजन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुए।

-------------